## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# उत्तराखंड के आठ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

**आफत**

## ऋषिकेश-दून मुख्य मार्ग पर टूटकर गिर भारी भरकम पेड़, यातायात रहा बाधित

**संवाददाता।**

देहरादून। ऋषिकेश देहरादून मुख्य मार्ग पर वन विभाग की चौकी से करीब 200 मीटर आगे एक भारी–भरकम पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया। जिससे यहां यातायात बाधित हो गया है। रेंज अधिकारी एमएस रावत बताया कि गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे एक पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया। किस कारण यहां यातायात बाधित हो गया। वन विभाग की टीम ने करीब एक घंटे बाद सड़क के एक किनारे से पेड़ को काटकर यातायात सामान्य किया।

प्रदेश में मानसून की बारिश जारी है। वहीं लगातार बारिश के कारण प्रदेश में 60 मार्ग बाधित हैं। बुधवार को गंगोत्री हाईवे भी मलबा आने से करीब आठ घंटे बाधित रहा। हालांकि, बदरीनाथ, केदारनाथ और यमुनोत्री हाईवे पर आवाजाही सुचारू हो गई है। मौसम विज्ञान



केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, गुरुवार को देहरादून, पौड़ी, हरिद्वार, टिहरी, चमोली, पिथौरागढ़, नैनीताल और बागेश्वर में भारी से भारी बारिश की आशंका है। शुक्रवार के लिए भी इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

चमोली में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्रपाल, चमोली, पागलनाला, हिलेरी पार्क (नन्दप्रयाग) और लामबगड़ में बाधित है। कर्णप्रयाग–थराली मोटर मार्ग पर हरमनी एंव मल्यापौड में बन्द है एंव मण्डल– चोपता मार्ग, गोपेश्वर–पोखरी–हापला मार्ग भी बंद है।

दून में बुधवार दोपहर बाद से हुई झमाझम बारिश ने दुश्वारियां बढ़ा दीं। तेज बारिश से नदी–नाले उफान पर आ गए और शहर के तमाम चौराहे व सड़कें जलमग्न हो गईं। कई इलाकों में बारिश का पानी घर में घुस गया, जबकि गोविंदगढ़ में एक स्कूल की दीवार ढह गई।

**कई क्षेत्रों में गंदे पानी की आपूर्ति**

मानसून की बारिश के साथ शहर में दूषित पानी की समस्या भी बढ़ती जा रही है। कई कॉलोनियों में लोग दूषित पानी की आपूर्ति से परेशान हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि लगातार शिकायत के बाद भी इस परेशानी को लेकर जल संस्थान गंभीरता नहीं दिखा रहा है, जबकि जल संस्थान के अधिकारी शिकायतों के त्वरित निस्तारण का दावा कर रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### प्रदेश की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं के खिलाफ उपवास पद बैठीं नेता प्रतिपक्ष

**संवाददाता** हल्द्वानी। प्रदेश की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं के खिलाफ गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष डॉ. इंदिरा हृदयेश एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत बुद्ध पार्क में उपवास पर बैठी। इस दौरान कांग्रेसियों ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि लॉकडाउन से लेकर अब तक सरकार पूरी तरह विफल है। पहाड़ से लेकर मैदान तक जनता परेशान है। मगर त्रिवेंद्र सरकार की नींद नहीं खुल रही। धरने के दौरान वक्ताओं ने कहा कि एसटीएच की बदहाली किसी से छुपी नहीं। गर्भवती को पॉजिटिव बता भर्ती कर दिया जाता है। पहाड़ में ऑक्सीजन खत्म होने से अस्पताल के गेट पर गर्भवती दम तोड़ देती है। पूर्व विधायक नारायण पाल ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष के धरने पर बैठने से साफ जाहिर होता है कि सरकार हर मोर्चे पर फेल है। इस सरकार को उखाड़ कर फेंकना पड़ेगा। बस हमें सड़कों पर उतर कर संघर्ष करना होगा।

### आईपीएस बरिंदरजीत सिंह की रिट पर अब पहली अक्टूबर को सुनवाई

**संवाददाता** नैनीताल। आईपीएस अधिकारी और वर्तमान में आईआरबी कमांडेंट बरिंदरजीत सिंह की रिट पर अब पहली अक्टूबर को हाईकोर्ट सुनवाई होगी। कोर्ट ने सप्ताह में प्रति शपथपत्र दाखिल करने के निर्देश याचिकाकर्ता ओपीएस अधिकारी को दिए हैं। मामले की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवि कुमार मलिमथ व न्यायमूर्ति एनएस धानिक की खंडपीठ में हुई। खंडपीठ ने डीजीपी, डीजी लॉ एंड ऑर्डर व पूर्व आईजी को नोटिस जारी किया था।

### फार्मा, एपीआई और कैमिकल्स उद्योग में प्रवेश को तैयार विकास इको टेक लिमिटेड

**संवाददाता** देहरादून। बीएसई तथा एनएसई में सूचीबद्ध, विकास इकोटेक लिमिटेड विभिन्न उद्योगों में प्रवेश की ओर भी बढ़ रही है। विकास इकोटेक एक इंटीग्रेटेड–स्पेशियलिटी उत्पाद समाधान प्रदान करने वाली कम्पनी है, जो कि उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले इको फ्रेंडली रबर प्लास्टिक कंपाउंड्स और एडिटिव्ज का उत्पादन करती है। कम्पनी द्वारा यह सूचना प्रदान की गई है कि इसके बोर्ड ने कम्पनी के लिए फार्मास्युटिकल्स, एपीआई और कैमिकल उद्योग में मौजूद संभावनाओं के मद्देनजर कम्पनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स (कम्पनी के निदेशकों के समूह) द्वारा नियुक्त एक्सपर्ट कमेटी द्वारा तैयार रिपोर्ट को मंजूरी दे दी है। उल्लेखनीय है कि इस विशेषज्ञ कमेटी को व्यवसायिक विस्तार के हिसाब से व्यवसायिक संभावनाओं की पहचान के मूल्यांकन के लिए नियुक्त किया गया था।

## मुसलमानों के अल्पसंख्यक दर्जे को खत्म करने के लिए बने कानून: महंत नरेंद्र गिरि

**संवाददाता** हरिद्वार। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महंत नरेंद्र गिरि ने कानून बनाकर मुसलमानों के अल्पसंख्यक दर्जे को खत्म करने और पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू करने की मांग की है। उन्होंने मुसलमानों को एक से अधिक बच्चे पैदा करने और तीन तलाक की तरह कानून बनाकर बहु विवाह करने पर भी रोक लगाने की मांग की है। श्री महंत नरेंद्र गिरि गुरुवार सुबह निरंजनी अखाड़े में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश में मुसलमानों के लिए अलग और हिंदुओं के लिए अलग दो तरह के कानून नहीं चलेंगे। देश की सरकार को तय करना होगा कि वह किस ओर जा रही है। कहा कि देश के विकास शांति और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए देश में



समान नागरिक संहिता का लागू होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक होने के बावजूद मुस्लिम समाज बहुत संख्यक हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को लगातार आहत कर रहा है, अब यह बर्दाश्त के बाहर होता जा रहा है, इसलिए सरकार को इस मामले में गंभीरता से सोचना पड़ेगा और कड़े कानून बनाकर व्यवस्था बनानी पड़ेगी। उम्मीद जताई कि भाजपा सरकार में यह कानून बन सकेगा।

## गांववाले जान जोखिम में डालकर ट्राली से कर रहे सफर

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। पिथौरागढ़ तहसील नाचनी से बागेश्वर जिले को जोड़ने वाले कई पैदल मार्गो के बंद होने की वजह से सीमांत के ग्ग्रमीण बाजार को आने के लिए उफनते नालों को पार करने के लिए क्षेत्र में ट्राली के सहारे आवागमन करने को मजबूर हो रहे है।

बता दें कि जिन ट्राली के माध्यमों से आवागमन कर जान हथेली में डालकर सफर कर रहे है उस ट्राली की रस्सियां कभी भी टूट सकती है। क्षेत्र के ग्ग्रमीणों के सामने ऐसे हालातों में जान जोखिम में डालकर जरूरती कामकाज के लिए बाजार आने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक नाचनी से जिला बागेश्वर को जोड़ने वाले लगभग 25 किमी सड़क व



पैदल मार्ग पूरी तरह से हाल ही में आई सीमांत में आसमानी आफत के चलते बंद पड़े होने के साथ क्षतिग्रस्त हो गये है।

वही इस मामले पर डीडीहाट के लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से जानकारी ली गई तो उन्होने कहा कि जल्द ही क्षेत्र में टीम भेजकर इलाके का जायजा लेकर जिला प्रशासन को सीमांत के ग्ग्रमीणों को हो रही दिक्कतों का निपटारा करने के मौके पर इंतजाम कर दिये जायेगे।

# सड़क पर मिली दो तोले की नथ पुलिस को सौंपी

**निर्मल भट्ट।**

### युवक ने पेश की ईमानदारी की मिशाल

पिथौरागढ़। समाज में आज भी कुछ लोग ऐसे है जो अपनी ईमानदारी व कार्यो से लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बन जाते है। बता दें कि जिला मुख्यालय पिथौरागढ में एक युवक ने भी अपनी ईमानदारी की मिसाल पेश की है।युवक ने सडक पर मिली दो तोले की नथ पुलिस को सौपी। वही पुलिस ने संबधित महिला का पता लगाकर उक्त नथ उसे सुपुर्द कर दी है।यह मामला बीते मंगलवार सांय का है। जानकारी के मुताबिक रोहित चंद पुत्र भरत चंद निवासी भूलागांव को जिले के कमल बारात घर के सामने सडक के पास दो तोले की एक नथ मिली जो कि डिब्बे में बंद थी।वही युवक ने अपनी बुद्विमता व ईमानदारी का परिचय देते हुएउक्त सोने की नथ को सुरक्षित कोतवाली पिथौरागढ सुपुर्द कर दिया। मौके पर थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने नथ के डिब्बे में दर्ज ज्वैलर्स के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर नथ का हुलिया बताकर जानकारी प्राप्त की जिस पर ज्वैलर्स ने बताया कि यह नथ हाल ही में गग्रम बिसखोली निवसाी पोस्ट मड जिले के पितरौटा निवासी नगर की एक महिला ने बनवाई है।वही महिला का फोन नंबर लेकर मिहला को कोतवाली में बुधवार



देर सांय लौटा दी गई है। बता दें कि वही इस युवक की पूरे कोतवाली से लेकर जिले में उसकी ईमानदारी व बुद्विमता के परिचय को लेकर रोहित के कार्यो की सराहना करने के साथ उसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। वही जिले के सामाजिक संगठनों से उक्त युवक को सम्मानित करनेक मांग भी की है।

## युवा छात्रों के निधन के शोक में बंद रही हल्द्वानी की मटर गली

**संवाददाता** हल्द्वानी। पूर्व छात्र संघ उपसचिव व युवा व्यावसायी रवि यादव और छात्र भावेश गुप्ता के निधन से शहर में शोक छाया रहा। मटर गली एसोसिएशन ने शोक में दिनभर अपनी दुकानें बंद रखीं। अलग–अलग स्थानों पर कारोबारियों ने शोक सभाएं कर मौन रखा और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। मटर गली व्यापारी एसोसिएशन ने कहा कि युवा व्यवसाई रवि यादव उर्फ लालू ने कुछ समय पूर्व ही मटर गली में दुकान लेकर अपने भाइयों के साथ व्यवसाय शुरू किया था। रवि सामाजिक कार्य में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता था। लॉकडाउन में उसने रोटी बैंक के माध्यम से कई लोगों तक खाना पहुंचाया और अन्य मदद कीं। इसके लिए कुछ समय पूर्व मटर गली व्यापारी एसोसिएशन ने रवि को सम्मान–पत्र भी दिया गया था। मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने रवि के घर जाकर परिवार को ढांढस बंधाया।